An Initiative of CollCom

collcom
Empowering Youth through Community Service

Cyber Sanskar Magazine
Vol 7, Issue June 2023

# CYBER संस्कार

साइबर अपराध के खिलाफ एक कदम




## Call Forwarding Scam!

# विषय-सूची

# Call Forwarding Scam!


- क्या है कॉल फॉरवार्डिंग स्कैम ?
- फ्रॉड के विभिन्न तरीके को समझना
- सुरक्षा के उपाय और सत्यता की जांच के तरीके
- फ्रॉड होने पर शिकायत कहाँ करे ?











SPECIAL REPORT

# 'CALL FORWARDING से खतरा बढ़ा।

HOME • TECH • MOBILE USERS WILL LOSE $58 BILLION TO SCAM CALLS GLOBALLY IN 2023 1-MIN READ

## Mobile Users Will Lose $58 Billion To Scam Calls Globally In 2023

Hindi News / Tech / Gadgets News / Bank Fraud Scam

**Scam Alert! एक कॉल करने के लिए मांगा फोन... फिर बैंक अकाउंट हो गया खाली**

ZEENEWS

HOME LIVE TV LATEST NEWS INDIA VIDEOS STATE PHOTOS CRICKET ENTERTAI

**FRAUD ALERT! Call Airtel `Customer Care` and you could be logged out of WhatsApp**

जागरण

होम ताजा राष्ट्रीय स्पेशल ... टेक ज्ञान लाइफस्टाइल बिजनेस पॉलिटिक्स क्रिकेट फोटो गैलरी ऑटो

Install App E-paper Jagran Play

Moneylife

Fraud Alert: Don't Dial These Codes from Your Android Mobile



Hindi News Technology

**401 नंबर से शुरू होने वाले फोन कॉल से हो जाएं सावधान, ठगी का ये तरीका आपको बना सकता है कंगाल**

Call Forwarding Scam स्कैमर्स हमेशा कोई न कोई ऐसा तरीका ढूंढ ही लेते हैं जिससे आम लोगों को लूटा जा सके। कॉल फॉर्वर्डिंग स्कैम से लोगों को अपनी बातों में लाकर उनसे ओटीपी

NBT चुनाव राज्य खेल मनोरंजन

Hindi News India Scan Alert Call Forwarding New Way

**कोई अनजान लड़की कॉल करने के लिए मांगे फोन, तो पहले जलाएं दिमाग की बत्ती! खतरे का हो सकता है सिग्नल**

Curated by अनुभव शाक्य | नवभारतटाइम्स.कॉम | Updated: 25

TRENDING ICC World Cup Schedule Mumbai Rain LIVE

Home > Technology Science

**Scammers are using this new trick to access OTP**

*This new scam works globally and across carriers.*

NBT चुनाव राज्य खेल मनोरंजन

Hindi News India Scan Alert Call Forwarding New Way

कोई अनजान लड़की कॉल करने के लिए मांगे फोन, तो पहले जलाएं दिमाग की बत्ती! खतरे का हो सकता है सिग्नल

Curated by अनुभव शाक्य | नवभारतटाइम्स.कॉम | Updated: 25 Jan 2023, 2:44 pm

INDIATIMES

New Scam! How To Save Yourself From Call Forv



ZEENEWS

HOME LIVE TV LATEST NEWS INDIA VIDEOS STATE PHOTOS CRICKET ENTERTAI

FRAUD ALERT! Call Airtel `Customer Care` and you could be logged out of WhatsApp

May 10, 2022, 18:15 PM IST,


News / Technology / Tech / WhatsApp missed call scam,

**WhatsApp missed call scam, AI voice phishing & fake job offers: Expert shares ways to stay safe**

SPECIAL REPORT



# CALL FORWARDING SCAM !




भारत में ऑनलाइन घोटाले बढ़ रहे हैं, स्कैमर्स लोगों को बरगलाने और पैसे चुराने के नए तरीके खोज रहे हैं। ऐसा ही **एक नया घोटाला है कॉल फॉरवार्डिंग घोटाला**। McAfee ने भारत समेत सात देशों के 7,054 लोगों के साथ '**द आर्टिफिशियल इम्पोस्टर**' नाम से एक सर्वे किया , जिससे पता चलता है की कॉल से संबंधित धोखधड़ी में पैसे खोने वाले 48 प्रतिशत भारतीयों ने कहा कि उन्होंने 50,000 रुपये से अधिक का नुकसान उठाया है।



## क्या है कॉल फॉरवर्डिंग घोटाला ?

कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम एक आपराधिक प्रवृत्ति है जिसमें धोखाधड़ी करने वाले व्यक्ति या दल दूसरे व्यक्ति के मोबाइल नंबर पर उसके अनुमति के बिना कॉल फ़ॉरवर्डिंग सेट करते हैं। यह **उन्हें यूजर की सभी इनकमिंग कॉल्स को अपने नंबर पर प्राप्त करने की अनुमति देता है।** इसका उपयोग कई धोखाधड़ी के कार्यों में किया जाता है, जैसे यूजर के खाते से **पैसे चोरी*** करना, **ओटीपी को हैक करना**, **व्हॉइसफ़िशिंग (Voice Phishing)**, **विज्ञापन** या **फिशिंग कॉल्स** द्वारा उपयोगकर्ता के **निजी जानकारी की चोरी** आदि।

"*पैसे की चोरी सीधे कॉल फॉरवर्डिंग से नही होता है परंतु इसमें जुड़े अन्य तरीको से होता है ।" इस वाक्यांश का अर्थ संभवत: आपको स्पष्ट नही हो रहा होगा परंतु अगले पृष्ठ को पढ़ने के बाद आप इसे आसानी से समझ जायेंगे ।

SPECIAL REPORT



# CALL FORWARDING SCAM !

## कॉल फॉरवर्डिंग घोटाले के तरीके

- फर्जी कॉल के माध्यम से



- मदद के नाम पर आपसे फोन लेकर



- अज्ञात यूआरएल के साथ एक ईमेल या टेक्स्ट संदेश



सामान्यतः ये तीन तरीके है इन तरीको को समझने से पहले ये जानना आवश्यक है की अधिकांशतः फाइनेंसियल फ्रॉड में ओटीपी या पिन का इस्तेमाल जरूर होता है और कॉल फॉरवर्डिंग में यूजर का केवल कॉल ही स्कैमर तक पहुंचता है ओटीपी नही।

अब आप सोचेंगे तब ये फ्रॉड कैसे रहा है ?

आइए इसे समझने के लिए अगले पृष्ठ पर चले।





SPECIAL REPORT



# CALL FORWARDING SCAM !

## फर्जी कॉल के माध्यम से।



सामान्यतः इस स्थिती में आपको एक फर्जी सरकारी कर्मचारी या कोई xyz telecom कंपनी के नाम से फोन आता है, जिसमे आपको बताया जाता है की आपका sim 2 दिन में काम करना बंद कर देगा या कोई अन्य कारण जिसको अभी सही करने हेतु **21*07829700191# या *401* से शुरू होने वाले किसी कोड को डायल करने को कहते है, और जैसे ही आप इस तरह के कोड को डायल करते है, आपकी सभी कॉल उनके नंबर पर अग्रेषित (forward) हो जाती है और यही से ठगी का खेल शुरू हो जाता है।

## अज्ञात यूआरएल के साथ एक ईमेल या टेक्स्ट संदेश।



जालसाज किसी अज्ञात यूआरएल के साथ एक ईमेल या टेक्स्ट संदेश भेजता हैं और तुरंत दिए गए लिंक पर प्रतिक्रिया करने के लिए कहता है | जब यूजर दिए गए यूआरएल पर क्लिक करता है तो यूजर के डिवाइस में मैलवेयर इंस्टॉल हो जाता है। इससे जालसाजों को यूजर के मोबाइल डिवाइस में स्टोर कॉन्टेक्ट्स, पर्सनल फोटो, वीडियो, चाट मैसेज और अन्य महत्वपूर्ण निजी डाटा की जानकारी को आसानी से चुराने का मौका मिल जाता है।



## मदद के नाम पर आपसे फोन लेकर।



वर्तमान में यह तरीका प्रचलन में है या कह सकते है ऐसे मामले अधिक मिल रहे है, इसमें स्कैमर्स बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन या फिर कहीं भी हो सकते हैं, बहुत ही प्यार से यह लोग अपनी मजबूरी बताते हुए एक कॉल करने के लिए फोन मांगते हैं, और स्मार्टफोन देने के बाद स्कैमर्स एक नंबर पर कॉल कर बात करते हैं। इसके बाद समय रहते बहुत ही जल्दी फोन की सेटिंग में जाकर कॉल फॉरवर्डिंग में अपना नंबर डाल देते हैं या फिर *401*9868#### इस तरह के कोड डायल करते है, जिसके बाद आपके सभी इनकमिंग कॉल्स उनके नंबर पर अग्रेषित (forward) हो जाते है।

SPECIAL REPORT



# CALL FORWARDING SCAM !

## कॉल फॉरवार्डिंग के पश्चात अगला कदम



**1**

अब जैसे ही आपका कॉल **जालसाज के नंबर पर फॉरवर्ड** होने लगता है, वो इसका प्रयोग आपके फोन में मौजूद विभिन्न एप्लीकेशन तक पहुंच बनाने के लिए करते है।

**2**

जिसमे वो सबसे अधिक लोकप्रिय **व्हाट्सएप मैसेंजर** में लॉगिन करने का प्रयास करते है, और सफल भी हो जाते है क्योकि **व्हाट्सएप में लॉगिन के लिए कॉलिंग के माध्यम से ओटीपी की सुविधा होती है।**






**3**

अब लॉगिन होने के तुरंत बाद ही **वो two-step verification चालू कर देते है** जिससे आप पुन: लॉगिन करने में असमर्थ हो जाते है।



**4**

इधर वो आपके व्हाट्सएप से जुड़े लोगो से यह कहकर **पैसे की मांग करते है** की बहुत ही जरूरी काम के लिए कुछ पैसे की जरूरत है, मेरा बैंक एटीएम काम नहीं कर रहा है, शाम तक वापस भेज दूंगा/दूंगी।

**Note :** यदि आप पहले से ही अपने व्हाट्सएप पर two-step verification लगा के रखते है तो स्कैमर के लिए व्हाट्सप्प लॉगिन और एक्सेस करना मुश्किल हो जाता है।

अब आप समझ चुके होंगे की कॉल फॉरवार्डिंग से पैसे की किस प्रकार से हानि होती है, साथ ही बहुत सी जरूरी सूचनाये या **आपके किसी अपने की पर्सनल फोटो तक वायरल होने के खतरे होते है।**

SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स

## भूलकर भी किसी अनजान व्यक्ति को अपना फोन न दे।



यदि फोन दे तो तुरंत ही ये काम करे ।




- आप *#21# लिखकर फॉरवर्ड किए गए कॉल की स्थिति की जांच कर सकते हैं।
- यदि कॉल फॉरवर्ड ऑन दिखे तो आप ##002# डायल कर फॉरवर्ड किए कॉल को बंद कर सकते है। या आप डायरेक्ट प्रत्येक सिम के कॉल सेटिंग में जाकर कॉल फॉरवार्डिंग को बंद कर सकते है।



# साइबर सुरक्षा टिप्स

## अनजान नंबर / ईमेल से आए किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करे।






**अन्यथा लिंक पर क्लिक करने से फोन में मौजूद सभी व्यक्तिगत जानकारी लीक हो सकती है।**

**SPECIAL REPORT**





# साइबर सुरक्षा टिप्स

## Two-factor authentication (2FA) अवश्य इनेबल करे।




**लागू करने के लिए विभिन्न चरणों का पालन करे:**





SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स



**Bank details जैसे OTP, CVV, customer ID, UPI pin इत्यादि किसी भी व्यक्ति चाहे वो बैंक का कर्मचारी ही क्यों न हो, के साथ साझा न करे।**






SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स

## यदि कोई भी संदेश आपको प्राप्त हो जो आवश्यक भी लगे परंतु संदेहजनक भी, तो आप कॉलकम से संपर्क कर उसकी जानकारी ले सकते है।








आपको यहाँ से अपने शंकाओं का समाधान मिल सकता है और साथ ही आप हमारे साथ मिलकर लोगो को सशक्त और जागरूक बनाने के लिए भी वालंटियर या इंटर्न बनकर काम कर सकते है ।

Join us as a **Volunteer** or **Intern**, Type **Join** and send it on **WhatsApp**

**+91-9868189955**

# नि:शुल्क ऑनलाइन साइबर प्रशिक्षण




- **आजकल इसी प्रकार से अनेकों साइबर अपराध तेजी से प्रसारित हो रहे, जिसे देखते हुए हमने आपके लिए बिल्कुल फ्री में साइबर प्रशिक्षण महा-अभियान चलाया है जिसमे आप ऐसे साइबर अपराध से बचने के तरीको के बारे में सीख पाएंगे।**

- **साथ ही एक आकर्षक सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा।**



**यदि आपने अभी तक इस प्रशिक्षण में भाग नही लिया तो एक बार अवश्य ले।**

- **हिंदी में साइबर प्रशिक्षण- [https://forms.gle/AJajaozGwTjLPExC7](https://forms.gle/AJajaozGwTjLPExC7)**

- **Cyber Training in English- [https://forms.gle/8LyAQPWPucn8LHir8](https://forms.gle/8LyAQPWPucn8LHir8)**



SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

यदि आप इस तरह के फ्रॉड के शिकार हो जाते है तो तुरंत ही आप सभी chat, भेजे गए डॉक्यूमेंट, और भेजे गए पैसों के स्क्रीन शॉट के साथ www.cybercrime.gov.in or 1930 पर संपर्क कर घर बैठे-बैठे अपनी शिकायत दर्ज करे । ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए आपको साइबर पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नहीं होती है ।








**शिकायत दर्ज करने के लिए यहां क्लिक करे और आगे के चरण का अनुसरण कर अपनी शिकायत दर्ज करे।**


SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

अगर आपको **ऑनलाइन शिकायत करने में समस्या आती है** तो आप अपने शहर के नजदीकी साइबर सेल में भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है ताकि आपको जल्द से जल्द समाधान मिल सके।



SPECIAL REPORT



# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

## संबंधित बैंक में जाकर/हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करे।

(नीचे कुछ बैंक के हेल्पलाइन नंबर दिए है।)




**Union Bank - 1800222244**

**SBI- 1800 11 221**

**ICICI - 1860 120 777**

**HDFC - 1800 258 616**

**Axis - 1860 419 5555171**







ध्यान रहे! बैंक/UPI/शॉपिंग/सरकारी/प्राइवेट-जॉब/एडमिशन हेल्पलाइन नंबर कभी भी गूगल सर्च से न ढूंढे, संबंधित official website से ही ढूंढे ।

SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

## RBI कहता है..

**फ्रॉड होने की स्थिति में अपने बैंक को तुरंत सूचित करें। अधिक जानकारी के लिए 14440 पर मिस्ड कॉल दें।**




अगर आपके **बैंक खाते से किसी ने धोखे से पैसे** निकाले हैं तो इसकी सूचना तुरंत अपने बैंक को दें। जब आप बैंक को सूचित करते हैं, तो अपने बैंक से **पावती (acknowledgement)** लेना याद रखें।

**यदि लेन-देन आपकी लापरवाही के कारण हुआ है,** यानी आपके द्वारा अपना पासवर्ड, पिन, ओटीपी आदि साझा करने के कारण, आपको तब तक नुकसान उठाना पड़ेगा जब तक आप अपने बैंक को इसकी सूचना नहीं देते।

यदि आपके द्वारा बैंक को सूचित करने के बाद भी कपटपूर्ण लेन-देन जारी रहता है, तो आपके **बैंक को उन राशियों की प्रतिपूर्ति करनी होगी।**

यदि आप रिपोर्टिंग में देरी करते हैं, तो आपका घाटा बढ़ जाएगा और यह **आरबीआई के दिशानिर्देशों और आपके बैंक के बोर्ड द्वारा** अनुमोदित राशि **नीति के आधार पर तय किया जाएगा।**

बैंक को आपकी शिकायत प्राप्ति की तारीख से **90 दिनों के भीतर सुलझानी** होती है, अगर **समाधान न होने पर या संतोष जनक जवाब न मिलने पर** शिकायतकर्ता बैंक की **शिकायत बैंक के ओम्बड्समैन** को भी कर सकता है। इसकी जानकारी आप यहाँ से (RBI) ले सकते है।
https://rbi.org.in/scripts/FAQView.aspx?Id=24



Empowering Youth through Community Service




**सावधान रहें सुरक्षित रहे!**

**अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ इस मैगज़ीन को शेयर जरूर करे।**

**हमसे लगातार साइबर अपडेट्स पाने के लिए इस QR कोड को स्कैन कर, और हमारे आधिकारिक चैनल/ग्रुप को सब्सक्राइब करे।**

**SUBSCRIBE**

WhatsApp

Telegram

Click to Check Out some interesting video on YouTube
https://www.youtube.com/@collcom

For volunteering, Type **Join** and Send it on **WhatsApp +91-9868189955**

# संस्थापक के बारे में




## DR GAURAV KUMAR

(Founder and Director of CollCom, Asst Prof at Bennett University, Greater Noida)

डॉ गौरव वर्तमान में बेनेट विश्वविद्यालय (टाइम्स ग्रुप), ग्रेटर नॉएडा, उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं । वह एक सामाजिक उद्यमी और CollCom (कॉलेज कम्युनिटी सोशल वेंचर) के संस्थापक  और राष्ट्रीय सेवा योजना बेनेट विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी भी है ।

डॉ कुमार हमारे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक और पीएचडी पूरी की है। अपनी शिक्षा के दौरान, वह सामाजिक गतिविधियों में काफी सक्रिय थे जैसे स्लम बस्ती में बच्चों को पढ़ाना, Waste मैनेजमेंट, वृक्षारोपण अभियान, रक्त दान, स्वास्थ्य, योग और फिटनेस के लिए सभी को जागरूक करना जैसे विषय पर काफी काम किया है ।

उनके इस अथक प्रयास के लिए उन्हें विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक पुरस्कार और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी (बेस्ट वालंटियर अवार्ड) का पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है ।

कोविड के समय में डॉ कुमार शांत नहीं बैठे । उन्होंने प्लाज्मा और ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए लोगों की मदद करने का काम शुरू किया। उन्होंने देखा हर व्यक्ति बच्चा से बूढ़ा सभी लोग अपने दैनिक कार्य करने के लिए इंटरनेट पर निर्भर होते  जा रहे है |  जल्द ही, उन्हें इंटरनेट की दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के बारे में जागरूकता की कमी के महत्व का एहसास हुआ ।

उन्होंने साइबर अपराध जागरूकता पर एक मेगा अभियान शुरू किया । उन्होंने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों (ऑफ़लाइन और ऑनलाइन) का दौरा करना शुरू किया और साइबर अपराध जागरूकता पर 35 से अधिक कार्यशालाएँ की । उन्होंने एक छोटा और बहुत ही अभिनव ऑनलाइन सेल्फ गाइड साइबर क्राइम अवेयरनेस ट्रेनिंग मॉड्यूल विकसित किया, जिसमें अभी तक 52,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए ।

उनका लक्ष्य अगले दो वर्षों में हमारे देश के 10 लाख लोगों को इंटरनेट की दुनिया में सशक्त बनाना है ।

# संपादक संदेश..



## MR. PRITESH MISHRA

(National Coordinator, CollCom)

किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड होने का अर्थ ये कदापि नही है की वो शिक्षित नही है, केवल सीधा सा अर्थ है वो उस बात से अनभिज्ञ / जागरूक नही था । अतः फ्रॉड होने के स्थिति में आप सबसे पहले जरा भी न घबराए, परिवार वाले डाटेंगे या मित्र क्या कहेंगे ? ये कदापि न सोचे या कोई भी गलत फैसला न ले, समय रहते यदि आप शिकायत दर्ज करवा देते है तो आपके पैसे मिलने के अवसर बढ़ जाते है ।

अब तो RBI के दिशा निर्देश के अनुसार आप फ्रॉड होने के तुरंत बाद यदि अपने संबंधित बैंक में शिकायत दर्ज कराते है तो वो आपको 90 दिन के भीतर ही आपकी समस्या सुलझा देते है । परंतु आप को यहां तक पहुंचने की आवश्यकता ही क्या है बस थोड़ी सी सावधानी के साथ आप अपने और अपने से संबंधित लोगो को साइबर अपराध से बचा सकते है ।

एक फ्रॉडस्टर आपसे OTP और pin को निकलवाने के विभिन्न तरीके अपनाता है, आप देखेंगे कि अंततोगत्वा वो आपसे पैसे की मांग करते है, चाहे वो रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में हो या कंपनी से जुड़ने के आईडी कार्ड बनानी हो, बस आपको यही समझना है की किसी भी नौकरी से जुड़ने के लिए आपको किसी भी प्रकार से पैसे देने की आवश्यकता नही होती है ।

समय समय पर आपको साइबर से संबंधित जानकारी हम अपने ऑफिशियल वेबसाइट/सोशल मीडिया/यूट्यूब वीडियो के माध्यम से साझा करते रहेगें ।

जागरूक रहे सुरक्षित रहे !

# सलाहकार सदस्य



**Dr Anil Kumar Singh**
( Asst. Professor, SLL&CS, Jawaharlal Nehru University )



**Shri Anshumali Sharma**
(Ex-State Liason Officer (SLO) Nataional Service Scheme, Uttar Pradesh)



**Dr. Sanjeev Sharma**
(Asst. Professor, Jawaharlal Nehru University, New Delhi)



**Shri Gautam Kumar**
(Executive Engineer, WRD, Govt of Bihar)



**Shri Amrish Kumar Niranjan**
(Youth Assistant, NSS, Delhi)



**Shri Sintoo Kumar**
(TGT Teacher, Govt of Delhi)



**Shri OP Mishra**
(Entrepreneur and Director of Jetex Infotech)



**Shri Ranjan Kumar**
(Senior Product Manager, Microsoft)

# कार्यकारी सदस्य



**Dr Gaurav Kumar**
(Founder and Director, CollCom)



**Mr Priteesh Kumar**
(Co-Founder, Asst. Director, CollCom)



**Shri Satya Kumar**
(Co-founder, CEO and Director, Jetex Private Ltd)



**Mr Pritesh Mishra**
(National Coordinator, CollCom)



**Mr Sumit Kumar**
(State Coordinator, CollCom)



**Ms Shweta Kumari**
(Social Media Head, CollCom)